an>

Title: Need to review the notification declaring Velavadar Blackbuck National Park and its surrounding areas in Bhavnagar district, Gujarat as Eco-Sensitive Zone.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) ः मैं माननीय पर्यावरण, वन्य एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भावनगर के अंतर्गत वेलवदर काला हिरण अभयारण्य को पर्यावरण के दृष्टिकोण से अति संवेदनशील क्षेत्र घोषित किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर दिलाना चाहती हूँ।

करीब 48 कि.मी. में फैले वेलवदर काला हिरण अभयारण्य मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर ही नहीं बल्कि पूरे देश का एक महत्वपूर्ण अभयारण्य है। परन्तु वन्य एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना जिसमें इस क्षेत्र को तथा इस क्षेत्र से लगे क्षेत्र को अति संवेदनशील घोषित कर दिया गया है। जिससे भावनगर शहर के विकास में बाधा आ सकती है। क्षेत्र को अति संवेदनशील घोषित किया जाए यह एक अच्छा प्रयास है लेकिन इस अधिसूचना से क्षेत्र के औद्योगिक विकास, रेलवे संबंधी कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी कार्य एवं आधारभूत संरचना के विकास में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न् हो सकती है। इस अधिसूचना से क्षेत्र के लगभग 32 गांव प्रभावित हो सकते हैं। क्षेत्र के औद्योगिक घराने, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सौराष्ट्र चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं जनप्रतिनिधि भी इस अधिसूचना का विरोध कर रहे हैं।

अतः मेरा केंद्र सरकार से निवेदन है कि इस अधिसूचना पर पुनः विचार करते हुए इस पर रोक लगायी जाए तथा अतिसंवेदनशील क्षेत्र को घोषित करने हेतु पुनः क्षेत्र की समीक्षा कर इसको घटाया जाए, जिससे क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके।